BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन कमेटी ऑफ काउंसिल ने पटाखों के बाइ-लॉ में संशोधन करने का प्रस्ताव पास किया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (24 नवंबर, 2022) – कल अपनी मीटिंग में, ब्रैम्पटन कमेटी ऑफ काउंसिल (Brampton Committee of Council) ने एक सिफारिश को मंजूरी दी, जिसे इसकी 28 नवंबर की खास मीटिंग में सिटी काउंसिल (City Council) के द्वारा प्रमाणित किया जाना है, जिसमें पटाखों के बाइ-लॉ (Fireworks By-Law) में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव है कि ब्रैम्पटन में पटाखे प्रयोग करने, खरीदने, चलाने, रखने, बेचने और बेचने की पेशकश करने पर तुरंत पाबंदी लगाई जाए।

निवासियों की सुरक्षा सिटी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और पटाखों के बाइ-लॉ का उद्देश्य, चोट और प्रॉपर्टी के नुकसान के जोखिम को कम करना है। संशोधित बाइ-लॉ के अंतर्गत, पटाखे चलाने के लिए जुर्माने को बढ़ाकर कम से कम 500 डॉलर किया जाएगा और पटाखों को बेचने और बेचने की पेशकश करने के लिए जुर्माने को बढ़ाकर कम से कम 1000 डॉलर किया जाएगा। पटाखों संबंधी मौजूदा परमिट प्रक्रिया में संशोधन किया जाएगा, जो केवल फिल्म इंडस्ट्री और सिटी द्वारा संचालित कार्यक्रमों के लिए लागू होगी।

पटाखों के मौजूदा बाइ-लॉ के अंतर्गत, इस समय ब्रैम्पटन में छोटी-रेंज के पटाखों को विक्टोरिया डे (Victoria Day), कैनेडा डे (Canada Day), दीवाली (Diwali) और नववर्ष (New Year's Eve) को निजी प्रॉपर्टी पर बिना परमिट के चलाने की अनुमति है। 2019 के बाद, सिटी को कम्युनिटी में सुरक्षा, शोर और कूड़ा-कर्कट की आम चिंताओं के साथ, पटाखों संबंधी मिलने वाली शिकायतें बढ़ गई हैं।

प्रस्तावित सिफारिश और संशोधित पटाखों के बाइ-लॉ के अंतर्गत, शहर में पटाखों की अनुमति नहीं होगी।

**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का दीवाली कार्यक्रम**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन चाहती है कि निवासी सुरक्षित रूप से छुट्टियां मनाने योग्य हों। यदि यह सिफारिश प्रमाणित होती है, तो सिटी 2023 में कैनेडा डे और नववर्ष की तरह ही, सिटी के द्वारा संचालित दीवाली के वार्षिक आतिशबाजी (Pyrotechnics) वाले जशन कार्यक्रम में शामिल करेगी। सिटी, ब्रैम्पटन के निवासियों के आनंद लेने हेतु जोशीले और मजेदार जशन की हिमायत वाले कार्यक्रम के बारे में लोकल साझेदारों के साथ मिलकर काम करेगी।

ब्रैम्पटन में कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/events पर जाएं।

**हवाले**

“हमारे निवासियों की सुरक्षा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमने पटाखों से संबंधित हमारी कम्युनिटी की चिंताओं को सुना है और यह हमारा लक्ष्य है कि इसमें संशोधन करके, हम सभी हमारी छुट्टियां सुरक्षित रूप से और किसी विघ्न, अधिक शोर या कूड़ा-कर्कट के बिना मनाएंगे। मैं इस विषय पर आवाज उठाने के लिए हर किसी का धन्यवाद करता हूं और अगले वर्ष हमारे पहले सालाना दीवाली जशन में निवासियों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं!”

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन एक स्वस्थ और सुरक्षित शहर है और हम, सभी के लिए भागीदारी वाला और स्वागत वाला माहौल पैदा करने के लिए और हमारी कम्युनिटी में चोट के जोखिम को कम करने तथा इसे साफ-सुथरा और हरा-भरा रखने के लिए समर्पित हैं। पटाखों का संशोधित बाइ-लॉ सुनिश्चित करेगा कि हमारे निवासी सुरक्षित हैं और हम सभी हमारी छुट्टियों के जशन का आनंद ले सकते हैं। हम उन निवासियों और स्टेकहोल्डर्स का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमारे साथ इस महत्वपूर्ण विषय के बारे में अपने विचार साझे किए।”

*- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, लैजिसलेटिव सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हालांकि यह महत्वपूर्ण है कि हमारे निवासी पूरा वर्ष अपने दोस्तों और प्रियजनों के साथ छुट्टियों का जशन मनाएं, हमारे लिए जरूरी है कि हम इसे सम्मान के साथ और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देते हुए करें। मुझे इस प्रस्ताव को पेश करने पर गर्व है कि हमारे पटाखों के बाइ-लॉ में संशोधन किया जाए, ताकि यह हमारी कम्युनिटी के विचारों और चिंताओं पर ध्यान देने वाला हो और उन लोगों का धन्यवाद, जिन्होंने सिटी को संपर्क करके अपने विचार पेश किए। हम पूरा वर्ष एक कम्युनिटी के तौर पर इकट्ठे हमारी सिटी द्वारा संचालित पटाखों के शो का आनंद लेने के लिए उत्साहित हैं।”

*- डेनिस कीनन (Dennis Keenan), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 3 और 4, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“विविध और भागीदारी वाले शहर के तौर पर, यह महत्वपूर्ण है कि हमारे निवासी सुरक्षित और जशन के माहौल में छुट्टियों का आनंद लें, जो उनके लिए सबसे अधिक मायने रखती हैं। मैंने पटाखों के बाइ-लॉ में संशोधन के प्रस्ताव की हिमायत की है और अगले वर्ष सिटी द्वारा संचालित दीवाली के जशन में निवासियों का स्वागत करने और हमारी सिटी की मेजबानी वाले कार्यक्रमों में कैनेडा डे और नववर्ष का आनंद लेने के लिए उत्साहित हूं। "

*- गुरप्रताप सिंह तूर (Gurpartap Singh Toor), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी की सबसे बड़ी प्राथमिकता, इसके निवासियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना है और यह सुनिश्चित करना है कि इसकी सेवाएं, प्रोग्राम और कार्यक्रम, उस कम्युनिटी की जरूरतों पर ध्यान देने वाले हों, जिसे यह सेवा देती है। कमेटी ऑफ काउंसिल में आज की सिफारिश के बाद, स्टाफ पटाखों के बाइ-लॉ में संशोधन करने के लिए काम करेगा, जिसे सोमवार, 28 नवंबर को खास काउंसिल मीटिंग में प्रमाणित करने के लिए वापस लाया जाएगा। हम कम्युनिटी के द्वारा फीडबैक साझा करने के लिए उनका धन्यवाद करते हैं और 2023 में सिटी द्वारा संचालित हमारे पहले दीवाली के जशन की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं।”

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca